# सौहार्द में खेलों की भूमिका अहम : प्रो. झा



## एसएमएस में चार दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट का शुभारंभ

वाराणसी(काशीवार्ता)। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट सांइसेज कॉलेज परिसर में चार दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। मुख्य अतिथि सैयदराजा के विधायक सुशील सिंह थे। उन्होंने कहा कि खेल से लक्ष्य निर्धारित करने और उसको प्राप्त करने की जिजीविषा विकसित होती है। संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि मनोरंजन व उत्तम स्वास्थ्य के साथ सामाजिकता का विकसित होता है। संस्थान में संचालित विभिन्न पाठयक्रमों के विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। चार दिनी इस स्पोर्ट्स फेस्ट में क्रिकेट, वॉलीबाल, टेबुल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, टग-ऑफ-वार, सौ मीटर रेस जैसी स्पधाओं का आयोजन किया जायेगा। इस फेस्ट में संस्थान के अलग-अलग पाठयक्रमों से लगभग पांच सौ से अधिक प्रतिस्पर्धी दावेदारी प्रस्तुत करेंगें। विभिन्न खेल स्पधाओं का फाइनल राउंड चौथे व अंतिम दिन सोमवार को आयोजित किया जायेगा। संचालन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पल्लवी पाठक ने किया। इस दौरान एसएमएस वाराणसी के अधिशासी सचिव डॉ. एमपी सिंह, निदेशक प्रो. पीएन झा, कुलसचिव संजय गुप्ता, स्पोर्ट्स फेस्ट के संयोजक सुनित मिश्रा, रोहित मेहता आदि मौजूद रहे।

दैनिक "दिशेरा टाइम्स" रायबरेली/लखीमपुर खीरी/ब

# एस. एम. एस. वाराणसी में चार दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट का हुआ शुभारंभ

**विभिन्न पाठ्यक्रमों के लगभग पांच सौ से अधिक प्रतिस्पर्धियों ने की भागीदारी**

**सामूहिकता व सामाजिक सौहार्द के विकास में खेलों की अहम भूमिका- प्रो. पी. एन. झा**



वाराणसी राजेश सेठ

वाराणसी। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, में चार दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। स्पोर्ट्स फेस्ट के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सैयदराजा के विधायक सुशील सिंह ने कहा कि जीवन में लक्ष्य का होना ही जीवन की सफलता का मानक है। उन्होंने कहा कि खेलों से लक्ष्य निर्धारित करने और उसको प्राप्त करने की जिजीविषा विकसित होती है। मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. पी. एन. झा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिये आवश्यक है कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ खेल-कूद में भी सक्रिय भागीदारी करते रहें, जिससे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही उत्तम बना रहेगा। ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल, एशियाड जैसे अंतरराष्ट्रीय खेल समारोहों में भारत का बढ़ता वर्चस्व इस तथ्य की पुष्टि करता है। । शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिये ही ऐसे स्पोर्ट्स फेस्ट का आयोजन किया जाता है।स्पोर्ट्स फेस्ट का शुभारंभ संस्थान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट करके किया गया। चार दिन चलने वाले इस स्पोर्ट्स फेस्ट में क्रिकेट, वालीबॉल, टेबिल-टेनिस, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, टग-ऑफ-वार, सौ मीटर रेस जैसी स्पर्धाओं का आयोजन किया जायेगा। इस फेस्ट में संस्थान के अलग-अलग पाठ्यक्रमों में से लगभग पांच सौ से अधिक प्रतिस्पर्धी अपनी दावेदारी प्रस्तुत करेंगे।

स्पोर्ट्स फेस्ट के उद्घाटन सत्र का संचालन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पल्लवी पाठक ने किया। इस दौरान एस.एम.एस. वाराणसी के अधिशासी सचिव डॉ. एम. पी. सिंह, निदेशक प्रो. पी. एन. झा, कुलसचिव श्री संजय गुप्ता, स्पोर्ट्स फेस्ट के संयोजक सुनित मिश्रा, रोहित मेहता, अतिश खडसे सहित संस्थान के समस्त अध्यापकगण और कर्मचारी मौजूद रहे।

## विभिन्न पाठ्यक्रमों के लगभग पांच सौ से अधिक प्रतिस्पर्धियों ने की भागीदारी

# एस. एम. एस. वाराणसी में चार दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट का हुआ शुभारंभ

**सामूहिकता व सामाजिक सौहार्द के विकास में खेलों की अहम भूमिका- प्रो. पी. एन. झा**

रोहित सेठ





वाराणसी : स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, में चार दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। स्पोर्ट्स फेस्ट के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सैयदराजा के विधायक सुशील सिंह ने कहा कि जीवन में लक्ष्य का होना ही जीवन की सफलता का मानक है। उन्होंने कहा कि खेलों से लक्ष्य निर्धारित करने और उसको प्राप्त करने की जिजीविषा विकसित होती है। मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. पी. एन. झा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिये आवश्यक है कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ खेल-कूद में भी सक्रिय भागीदारी करते रहें, जिससे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही उत्तम बना रहेगा। ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल, एशियाड जैसे अंतरराष्ट्रीय खेल समारोहों में भारत का बढ़ता वर्चस्व इस तथ्य की पुष्टि करता है। । शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिये ही ऐसे स्पोर्ट्स फेस्ट का आयोजन किया जाता है।स्पोर्ट्स फेस्ट का शुभारंभ संस्थान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट करके किया गया। चार दिन चलने वाले इस स्पोर्ट्स फेस्ट में क्रिकेट, वालीबॉल, टेबिल-टेनिस, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, टग-ऑफ-वार, सौ मीटर रेस जैसी स्पर्धाओं का आयोजन किया जायेगा। इस फेस्ट में संस्थान के अलग-अलग पाठ्यक्रमों में से लगभग पांच सौ से अधिक प्रतिस्पर्धी अपनी दावेदारी प्रस्तुत करेंगे। स्पोर्ट्स फेस्ट के उद्घाटन सत्र का संचालन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पल्लवी पाठक ने किया। इस दौरान एस.एम.एस. वाराणसी के अधिशासी सचिव डॉ. एम. पी. सिंह, निदेशक प्रो. पी. एन. झा, कुलसचिव श्री संजय गुप्ता, स्पोर्ट्स फेस्ट के संयोजक सुनित मिश्रा, रोहित मेहता, अतिश खडसे सहित संस्थान के समस्त अध्यापकगण और कर्मचारी मौजूद रहे।

# एस. एम. एस. वाराणसी में चार दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट का हुआ शुभारंभ



- **विभिन्न पाठ्यक्रमों के लगभग पांच सौ से अधिक प्रतिस्पर्धियों ने की भागीदारी**
- **सामूहिकता व सामाजिक सौहार्द के विकास में खेलों की अहम भूमिका- प्रो. पी. एन. झा**

**वाराणसी (समाचार धारा)।** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट सांइसेज, में चार दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। स्पोर्ट्स फेस्ट के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सैयदराजा के विधायक सुशील सिंह ने कहा कि जीवन में लक्ष्य का होना ही जीवन की सफलता का मानक है। उन्होंने कहा कि खेलों से लक्ष्य निर्धारित करने और उसको प्राप्त करने की जिजीविषा विकसित होती है। मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. पी. एन. झा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिये आवश्यक है कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ खेल-कूद में भी सक्रिय भागीदारी करते रहें, जिससे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही उत्तम बना रहेगा। ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल, एशियाड जैसे अंतरराष्ट्रीय खेल समारोहों में भारत का बढ़ता वर्चस्व इस तथ्य की पुष्टि करता है। । शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य

# एस. एम. एस. वाराणसी में चार दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट का हुआ शुभारंभ

## विभिन्न पाठयक्रमों के लगभग पांच सौ से अधिक प्रतिस्पर्धियों ने की भागीदारी- सामूहिकता व सामाजिक सौहार्द के विकास में खेलों की अहम भूमिका- प्रो. पी. एन. झा

आदर्श सत्यांकित खबरें

वाराणसी। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, में चार दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। स्पोर्ट्स फेस्ट के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सैयदराजा के विधायक सुशील सिंह ने कहा कि जीवन में लक्ष्य का होना ही जीवन की सफलता का मानक है।



उन्होंने कहा कि खेलों से लक्ष्य निर्धारित करने और उसको प्राप्त करने की जिजीविषा विकसित होती है। मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. पी. एन. झा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिये आवश्यक है कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ खेल-कूद में भी सक्रिय भागीदारी करते रहें, जिससे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही उत्तम बना रहेगा। उन्होंने कहा कि मनोरंजन व उत्तम स्वास्थ्य के साथ साथ खेल के माध्यम से सामूहिकता का बोध भी विकसित होता है जो सामाजिक सौहार्द को स्थापित करने में सक्षम है। इक्कीसवीं सदी में वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती पहचान को रेखांकित करते हुए प्रो. झा ने कहा कि आज हमारे देश में खेल संस्कृति को सरकार द्वारा पर्याप्त प्रोत्साहन मिल रहा है। ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल, एशियाड जैसे अंतरराष्ट्रीय खेल समारोहों में भारत का बढ़ता वर्चस्व इस तथ्य की पुष्टि करता है। विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों के समेकित विकास के लिये प्रतिबद्ध है। शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिये ही ऐसे स्पोर्ट्स फेस्ट का आयोजन किया जाता है। स्पोर्ट्स फेस्ट का शुभारंभ संस्थान में संचालित विभिन्न पाठयक्रमों के विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट करके किया गया। चार दिन चलने वाले इस स्पोर्ट्स फेस्ट में क्रिकेट, वालीबॉल, टेबिल-टेनिस, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, टग-ऑफ-वार, सौ मीटर रेस जैसी स्पधाओं का आयोजन किया जायेगा। इस फेस्ट में संस्थान के अलग-अलग पाठयक्रमों में से लगभग पांच सौ से अधिक प्रतिस्पर्धी अपनी दावेदारी प्रस्तुत करेंगें। गौरतलब है कि विभिन्न खेल स्पधाओं का फाइनल राउंड चौथे व अंतिम दिन सोमवार को आयोजित किया जायेगा। स्पोर्ट्स फेस्ट के उदघाटन सत्र का संचालन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पल्लवी पाठक ने किया। इस दौरान एस.एम.एस. वाराणसी के अधिशासी सचिव डॉ. एम. पी. सिंह, निदेशक प्रो. पी. एन. झा, कुलसचिव श्री संजय गुप्ता, स्पोर्ट्स फेस्ट के संयोजक सुनित मिश्रा, रोहित मेहता, अतिश खडसे सहित संस्थान के समस्त अध्यापकगण और कर्मचारी मौजूद रहे।